**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.10.2023/प्रादेशिक समाचार बुलेटिन/9:20बजे**

## राज्य चयन आयोग

आई.ए.एस. अधिकारी आर.के. प्रुथी को हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग का मुख्य प्रशासक नियुक्त किया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नया भर्ती आयोग कार्मिक विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करेगा। विभागों, निगमों,—बोर्डों, विश्वविद्यालयों में तृतीय श्रेणी के कर्मियों के पद भरने के लिए आयोग परीक्षा लेगा। सार्वजनिक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ाने के लिए सरकार ने नए आयोग की स्थापना की है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आपदा मोचन बल को और सुदृढ़ व सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पुलिस मुख्यालय शिमला में राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बल को आधुनिक तकनीक व उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य आपदा मोचन बल को आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए करीब 12 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि जारी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में एसडीआरएफ की तीन कम्पनी तैनात हैं और बल के जवानों को प्रशिक्षित करने व उनके क्षमता निर्माण के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से एक दिन पहले आज देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया है कि सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस अभियान में भाग लेकर एक घंटे श्रमदान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता भारत की साझी जिम्मेदारी है। इसलिए स्वच्छ भविष्य की शुरूआत के लिए उत्कृष्ट प्रयास में सभी शामिल हों।

इसी कड़ी में जनजातीय जिला लाहौल—स्पीति के अन्तर्गत बीआरओ—70 आरसीसी के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान जा रहा है। इस दौरान प्लस्टिक, कांच और अन्य कूड़े को एकत्रित कर पूरे बस अड्डे में सफाई की गई।

## आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट बदलने की अंतिम तारीख एक सप्ताह बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दी है। 8 अक्तूबर से केवल आरबीआई कार्यालयों में ही ये नोट बदले जा सकेंगे। 29 सितम्बर तक 96 फीसदी नोट वापिस आ चुके हैं।

## ई–केवाईसी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ई–केवाईसी की तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गत दिनों में हुई भारी वर्षा व आधार से सम्बन्धित तकनीकी समस्याओं के मद्देनज़र विभाग द्वारा आधार संख्या पंजीकृत व ई–के.वाई.सी. करवाने की तिथि 30 सितंबर, तक बढ़ाई गई थी। परन्तु अभी भी कुछ उपभोक्ताओं द्वारा किसी कारणवश उनके राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या को पंजीकृत नहीं किया जा सका है। यदि कोई अपना आधार 31 अक्तूबर तक जमा नहीं करवाता है तो उनके राशन कार्ड को अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा तथा आधार उपलब्ध करवाने के बाद ही राशन कार्ड को फिर से शुरू किया जायेगा।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से....

आज सभी समाचार पत्रों ने आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**सुक्खू सरकार ने खोली झोली, 4 हज़ार 5 सौ करोड़ का आपदा राहत पैकेज घोषित–मकान बनाने के लिए शहरी क्षेत्रों में दो, गांवों में तीन बिस्वा जमीन देंगे।** पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल की लगभग एक जैसी सुर्खी है–**हिमाचल में आपदा प्रभावितों को 4 हज़ार 5 सौ करोड़ का विशेष राहत पैकज।** दैनिक जागरण लिखता है–**मकान बनाने के लिए मिलेंगे सात लाख रुपये।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का स्पेशल आपदा राहत पैकेज, घर बनाने को ज़मीन देगी सरकार।** हिमाचल दस्तक लिखता है–**राहत वं पुनर्वास के लिए सरकार का 4 हजार 5 सौ करोड़ का पैकेज।**

**हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग गठित, हमीरपुर होगा मुख्यालय–नोटिफिकेशन जारी, आई.ए.एस. प्रुथी चीफ एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त**–की ख़बर को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**राशन कार्ड की ई–केवाईसी की तारीख एक माह और बढ़ाई**–आपका फैसला की एक ख़बर है।

हिमाचल दस्तक लिखता है–**गगरेट से क्रशर मेटीरियल अन्य राज्यों में ले जाने पर रोक।**

जनजातीय क्षेत्रों में हुए ताजा हिमपात पर आपका फैसला की सुर्खी –**ताजा बर्फबारी से मनाली–लेह मार्ग दारचा के पास बंद।** पंजाब केसरी लिखता है–**लाहौल–किन्नौर में हिमपात, मनाली–लेह मार्ग बंद।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**लाहौल की चोटियों पर फाहे, मनाली भीगी। जबकि** दैनिक भास्कर ने ख़बर को सचित्र प्रकाशित करते हुए सुर्खी दी है–**लाहौल स्पीति की पहाड़ियों पर बर्फबारी, 4 डिग्री गिरा तापमान।**

———————————